## बिहार स्पेशल

### बिहार में प्रति व्यक्ति आय

**चर्चा में क्यों?**

केंद्रीय सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय द्वारा हाल ही में जारी रिपोर्ट के अनुसार:

- **वर्तमान मूल्यों पर:**
- बिहार में वर्ष 2022-23 में वर्तमान मूल्यों पर प्रति व्यक्ति आय 59,244 रुपये थी, जो 2023-24 में बढ़कर 66,828 रुपये हो गई है।
    - यानी पिछले एक वर्ष में वर्तमान मूल्यों पर प्रति व्यक्ति आय में 7584 रुपये की वृद्धि हुई है।
- इसके अलावा बिहार के सकल घरेलू उत्पाद यानी जीडीपी में भी 14.5 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।
- बिहार का सकल राज्य घरेलू उत्पाद वर्तमान मूल्य पर वर्ष 2023-24 में 8,54,429 करोड़ रुपये तक पहुंचने वाला है, जो पिछले वर्ष के 7,46,417 करोड़ रुपये से 14.5 प्रतिशत अधिक है।

**स्थिर मूल्य पर:**

- बिहार में प्रति व्यक्ति आय वर्ष 2022-23 में स्थिर मूल्य पर 33,763 रुपये थी, जो 2023-24 में बढ़कर 36333 रुपये हो गई है।
    - स्थिर मूल्य पर प्रति व्यक्ति आय में 2570 रुपये की वृद्धि दर्ज की गई है।
- बिहार का सकल घरेलू उत्पाद वर्ष 2023-24 में 9.2 प्रतिशत की दर से बढ़ा है, जो वर्ष 2022-23 में 4,25,384 करोड़ रुपये की तुलना में वर्ष 2023-24 में बढ़कर 4,64,540 करोड़ रुपये हो गया है।

**पड़ोसी राज्यों से तुलना:**

- बिहार के पड़ोसी राज्यों की प्रति व्यक्ति आय बिहार से अधिक है।
- मौजूदा मूल्यों पर छत्तीसगढ़ की प्रति व्यक्ति आय 1,47,361 रुपये है, जबकि झारखंड में 1,05,274 रुपये, उत्तर प्रदेश में 93,514 रुपये, पश्चिम बंगाल में 1,54,119 रुपये, ओडिशा में 1,63,101 रुपये और मध्य प्रदेश में 1,42,565 रुपये है।

**बिहार आर्थिक सर्वेक्षण 2023-24**

- राज्य में प्रति व्यक्ति आय 59,637 रुपये होने का अनुमान है, जो पिछले वर्ष की तुलना में 13.9 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है।
- कीमतों में वृद्धि के समायोजन के बाद, राज्य की वास्तविक प्रति व्यक्ति आय 2022-23 में 9.0 प्रतिशत बढ़कर 35,119 रुपये तक पहुँचने का अनुमान है।

## राजव्यवस्था एवं शासन

### बॉम्बे उच्च न्यायालय ने संशोधित आईटी नियमों को रद्द किया

**चर्चा में क्यों?**

बॉम्बे उच्च न्यायालय ने संशोधित सूचना प्रौद्योगिकी नियमों को असंवैधानिक करार देते हुए उन्हें रद्द कर दिया।

- 6 अप्रैल, 2023 को सरकार ने आईटी नियम 2021 में संशोधन लागू किया था।
- नियमों में सरकार से संबंधित भ्रामक या झूठी ऑनलाइन सामग्री को चिह्नित करने की शक्तियों के साथ FCU (तथ्य जाँच इकाई) की स्थापना का प्रावधान किया गया है।

### उच्च न्यायालय ने इसे असंवैधानिक क्यों कहा?

- संशोधित नियमों ने समानता और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के अधिकार का उल्लंघन किया है।
  - इसने संविधान के अनुच्छेद 14 (समानता का अधिकार), अनुच्छेद 19 (भाषण और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता) और अनुच्छेद 19(1)(जी) (किसी भी पेशे को अपनाने की स्वतंत्रता) का उल्लंघन किया है।
- अदालत ने यह भी कहा कि नियम अस्पष्ट और व्यापक होने के कारण न केवल व्यक्ति पर बल्कि सोशल मीडिया मध्यस्थों पर भी "डर पैदा करने वाला प्रभाव" पड़ सकते है।

## अर्थव्यवस्था

### आर्थिक सलाहकार परिषद की रिपोर्ट

### चर्चा में क्यों?

प्रधानमंत्री आर्थिक सलाहकार परिषद (ईएसी-पीएम) द्वारा जारी एक कार्य पत्र (भारतीय राज्यों का सापेक्ष आर्थिक प्रदर्शन: 1960-61 से 2023-24) के अनुसार:

- पांच दक्षिणी राज्य: कर्नाटक, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, केरल और तमिलनाडु 2023-24 में भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में 30 प्रतिशत से अधिक का योगदान देंगे।
  - पश्चिम बंगाल की हिस्सेदारी 1960-61 में तीसरे सबसे बड़े 10.5 प्रतिशत से घटकर 2023-24 में केवल 5.6 प्रतिशत रह गई।
- 1990 के दशक में शुरू हुए आर्थिक उदारीकरण से गुजरात, हरियाणा, कर्नाटक, तमिलनाडु और दिल्ली को सबसे अधिक लाभ हुआ है।
  - 1990-91 और 2023-24 के बीच राष्ट्रीय सकल घरेलू उत्पाद में उनकी हिस्सेदारी में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है।

### राष्ट्रीय सकल घरेलू उत्पाद में राज्यों की हिस्सेदारी:

- राष्ट्रीय सकल घरेलू उत्पाद में महाराष्ट्र की हिस्सेदारी 1990-91 में 14.6 प्रतिशत से घटकर 2023-24 में 13.3 प्रतिशत हो गई।
  - यह अभी भी राज्यों में शीर्ष स्थान पर है।
- तमिलनाडु की हिस्सेदारी 1960-61 में 8.7 प्रतिशत से घटकर 1990-91 में 7.1 प्रतिशत हो गई।
  - इसमें बदलाव आया और 2023-24 में राष्ट्रीय सकल घरेलू उत्पाद में इसकी हिस्सेदारी 8.9 प्रतिशत हो गई।
- गुजरात की अर्थव्यस्थामें भी बदलाव आया और 1990-91 में राष्ट्रीय सकल घरेलू उत्पाद में इसकी हिस्सेदारी 6.4 प्रतिशत से बढ़कर 2022-23 में 8.1 प्रतिशत हो गई।

### प्रति व्यक्ति आय:

- सापेक्ष प्रति व्यक्ति आय दिल्ली, तेलंगाना, कर्नाटक और हरियाणा में सबसे अधिक रही, **जबकि बिहार में सबसे कम रही।**

| Share of national GDP (%) | 1990-91 | 2000-01 | 2010-11 | 2020-21 | 2023-24 |
|---|---|---|---|---|---|
| Maharashtra | 14.6 | 14 | 15.2 | 13.0 | 13.3 |
| Tamil Nadu | 7.1 | 8.3 | 8.4 | 8.9 | 8.9 |
| Uttar Pradesh | 12.6 | 10.2 | 8.7 | 8.2 | 8.4 |
| Karnataka | 5.3 | 6.2 | 5.9 | 8.1 | 8.2 |
| Gujarat | 6.4 | 6.4 | 7.5 | 8.0 | 8.1* |
| West Bengal | 7.9 | 8.2 | 6.7 | 5.7 | 5.6 |
| Rajasthan | 4.7 | 4.6 | 4.9 | 5.1 | 5.0 |
| Andhra Pradesh | 7.6 | 8.2 | 4.6 | 4.9 | 4.7 |
| Madhya Pradesh | 6.9 | 4.3 | 3.8 | 4.7 | 4.5 |
| Kerala | 3.2 | 4.1 | 3.8 | 3.8 | 3.8 |
| Haryana | 3.1 | 3.2 | 3.8 | 3.6 | 3.6 |
| Delhi | 2.6 | 3.7 | 3.7 | 3.7 | 3.6 |

*For 2022-23 Source: PM-EAC

BPSC WALLAH

## पर्यावरण एवं भूगोल

### इंटरनेशनल बिग कैट अलायंस (IBCA)

**चर्चा में क्यों?**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने इंटरनेशनल बिग कैट अलायंस (IBCA) का सदस्य देश बनने के भारत के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी।

- 29 फरवरी, 2024 को केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 2023-24 से 2027-28 तक पांच वर्षों की अवधि के लिए ₹150 करोड़ की एकमुश्त बजटीय सहायता के साथ भारत में मुख्यालय के साथ अंतर्राष्ट्रीय बिग कैट एलायंस की स्थापना को मंजूरी दी।

**अंतर्राष्ट्रीय बिग कैट एलायंस:**

- **लॉन्च:** 9 अप्रैल, 2023 को भारत के प्रोजेक्ट टाइगर के 50 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में प्रधानमंत्री ने अंतर्राष्ट्रीय बिग कैट एलायंस लॉन्च किया।
- **उद्देश्य**: इसका उद्देश्य प्रमुख बिल्ली प्रजाति के जानवरों का भविष्य सुरक्षित करना है जिनमे बाघ, शेर, तेंदुआ, हिम तेंदुआ, प्यूमा, जगुआर और चीता शामिल हैं।
- **सदस्य देश:**
  - संयुक्त राष्ट्र के सभी सदस्य देश IBCA के सदस्य बनने के लिए पात्र हैं।
  - अब तक भारत, निकारागुआ, इस्वातिनी और सोमालिया सहित चार देश IBCA के सदस्य बन चुके हैं।
  - भारत सहित चौबीस देशों ने IBCA के सदस्य बनने के लिए सहमति व्यक्त की है।
  - नौ अंतरराष्ट्रीय संगठनों ने भी IBCA का भागीदार संगठन बनने के लिए सहमति व्यक्त की है।

## विविध

### जॉर्डन: पहला कुष्ठ रोग मुक्त राष्ट्र

**चर्चा में क्यों?**

विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) ने हाल ही में जॉर्डन को कुष्ठ रोग को खत्म करने वाला दुनिया का पहला देश घोषित किया है।

- जॉर्डन की राजधानी: अम्मान।
  - हाल ही में जॉर्डन के राजा अब्दुल्ला ने जाफर हसन को देश का नया प्रधानमंत्री नियुक्त किया है।
- डब्ल्यूएचओ मुख्यालय: जिनेवा, स्विटजरलैंड।
- डब्ल्यूएचओ के महानिदेशक: डॉ. टेड्रोस एडनॉम घेब्रेयसस

**कुष्ठ रोग**

- इसे हैनसेन रोग के नाम से भी जाना जाता है।
- यह माइकोबैक्टीरियम लेप्री के कारण होता है।
- यह त्वचा, तंत्रिकाओं और श्वसन तंत्र को प्रभावित करता है।
- विश्व कुष्ठ रोग दिवस: यह पारंपरिक रूप से प्रति वर्ष जनवरी के आखिरी रविवार को मनाया जाता है।



## सूचकांक एवं रिपोर्ट

### ग्लोबल साइबरसिक्यूरिटी इंडेक्स 2024

**चर्चा में क्यों?**

भारत ने ग्लोबल साइबरसिक्यूरिटी इंडेक्स (GCI) 2024 में शीर्ष स्तर यानी टियर 1 का दर्जा हासिल करके अपने साइबरसिक्यूरिटी प्रयासों में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर स्थापित किया है।

- 100 में से 98.49 के उल्लेखनीय स्कोर के साथ, भारत 'रोल-मॉडलिंग' देशों की श्रेणी में शामिल हो गया है।

**वैश्विक साइबर सुरक्षा सूचकांक 2024**

- इसने पाँच स्तंभों के आधार पर राष्ट्रीय प्रयासों का मूल्यांकन किया: कानूनी, तकनीकी, संगठनात्मक, क्षमता विकास और सहयोग।
- व्यापक प्रश्नावली में 83 प्रश्न शामिल हैं, जिसमें 20 संकेतक, 64 उप-संकेतक और 28 सूक्ष्म-संकेतक शामिल हैं, जो प्रत्येक देश के साइबर सुरक्षा परिदृश्य का गहन मूल्यांकन सुनिश्चित करते हैं।
- इस सूचकांक में भारत का प्रतिनिधित्व करने वाली नोडल एजेंसी के रूप में दूरसंचार विभाग (DoT) ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

आईटीयू ने 2015 में वैश्विक साइबर सुरक्षा सूचकांक की स्थापना की। रिपोर्ट श्रृंखला सुधार के क्षेत्रों की पहचान करती है और देशों को साइबर सुरक्षा को मजबूत करने के लिए कार्य करने के लिए प्रोत्साहित करती है।

## चर्चित व्यक्तित्व

### शुभांशु शुक्ला

**चर्चा में क्यों?**

भारतीय वायु सेना (IAF) के ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला 2025 में अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (ISS) के लिए एक्सिओम-4 (Ax-4) मिशन का संचालन करेंगे।

- वे एक अंतर्राष्ट्रीय दल का हिस्सा होंगे, जिसमें भारतीय अंतरिक्ष यात्री और बैकअप पायलट ग्रुप कैप्टन प्रशांत नायर भी IAF से होंगे।
- इस मिशन की कमान प्रसिद्ध अंतरिक्ष यात्री पैगी व्हिटसन के हाथों में होगी।
- यह मिशन ISS पर भारत की पहली मानव उपस्थिति को चिह्नित करेगा।
- यह चार दशकों से अधिक समय में सरकार द्वारा प्रायोजित दूसरा मानव अंतरिक्ष यान होगा, इससे पहले विंग कमांडर राकेश शर्मा ने 1984 में सोवियत संघ के साथ अंतरिक्ष यान भेजा था।

**एक्सिओम-4 (Ax-4) मिशन:**

- यह भारत और संयुक्त राज्य अमेरिका के बीच एक सहयोगी पहल का परिणाम है।
- इसमें स्पेसएक्स के फाल्कन 9 रॉकेट और ड्रैगन अंतरिक्ष यान का उपयोग किया जाएगा, जो अपने उन्नत जीवन समर्थन प्रणालियों और स्वचालित डॉकिंग क्षमताओं के लिए जाना जाता है।
- यह चालक दल के लिए एक सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित करेगा, जो आईएसएस पर 14 दिन तक बिताएंगे।

## महत्वपूर्ण दिन/ तिथियाँ

### अंतर्राष्ट्रीय शांति दिवस

**चर्चा में क्यों?**

अंतर्राष्ट्रीय शांति दिवस प्रति वर्ष **21 सितंबर** को मनाया जाता है।

- उद्देश्य: शांति को बढ़ावा देना और शांतिपूर्ण और टिकाऊ दुनिया के लिए वैश्विक एकजुटता की शक्ति का जश्न मनाना
- **थीम- 2024**: शांति की संस्कृति का विकास करना।

❖ **दिवस का इतिहास:**

- इसकी स्थापना 1981 में संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा की गई थी। 2001 में, महासभा ने सर्वसम्मति से शांति के आदर्शों को मनाने और उन्हें मजबूत करने के लिए एक दिन समर्पित करने के लिए मतदान किया।
- संयुक्त राष्ट्र ने शुरू में सितंबर 1981 में तीसरे मंगलवार को विश्व शांति दिवस मनाने के लिए नामित किया था।
- बाद में 2002 में, दिवस को स्थानांतरित कर दिया गया और **21 सितंबर तय किया गया**।

**वैश्विक शांति सूचकांक 2024**

❖ यह इंस्टीट्यूट ऑफ़ इकोनॉमिक्स एंड पीस (IEP) द्वारा प्रतिवर्ष प्रकाशित किया जाता है।

❖ भारत वर्तमान में GPI 2024 में वैश्विक स्तर पर **116वें स्थान पर है (स्कोर: 2.319)**, जो 2023 में 126वें स्थान, 2020 में 139वें स्थान और 2019 में 141वें स्थान से काफी बेहतर है।

❖ सूचकांक में शीर्ष तीन देश **आइसलैंड, आयरलैंड और ऑस्ट्रिया हैं।**




**News in Short**

❖ टाटा स्टील ने ओडिशा के कलिंगनगर में भारत की सबसे बड़ी ब्लास्ट फर्नेस को सफलतापूर्वक चालू कर दिया है।

❖ भारतीय भारोत्तोलक लोगनाथन धनुष ने स्पेन में IWF जूनियर विश्व भारोत्तोलन चैंपियनशिप में 55 किलोग्राम भार वर्ग में कांस्य पदक जीता।

❖ भारत व्यापार संवर्धन संगठन (ITPO) 14-27 नवंबर, 2024 तक भारत मंडपम (नई दिल्ली) में भारत अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेले (IITF) के 43वें संस्करण का आयोजन करेगा।

❖ राष्ट्रीय युद्ध स्मारक पर एक कविता और भारत-पाकिस्तान युद्ध के शहीद अब्दुल हमीद पर एक अध्याय एनसीईआरटी की कक्षा 6 के पाठ्यक्रम में जोड़ा गया है।

❖ भारती एयरटेल 10 ट्रिलियन रुपए का बाजार पूंजीकरण हासिल करने वाली भारत की चौथी कंपनी है।

❖ विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने भारत और रोमानिया के बीच राजनयिक संबंधों के 75 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में संयुक्त स्मारक टिकटों का अनावरण किया।

❍❍❍❍

PW Web/App: https://smart.link/7wwosivoicgd4
For more such content, subscribe to our Telegram Channelhttps://t.me/pw_upsc
PSC WALLAH